झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 211 • दुमका • शनिवार, 07 अगस्त 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com









## संक्षिप्त समाचार

### खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदला

**● अब मेजर ध्यानचंद के नाम पर होगा अवॉर्ड, पहले राजीव गांधी के नाम पर था**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदल दिया है। अब इसे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले यह अवॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम हुआ करता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरे भारत के नागरिकों से खेल रत्न पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद के नाम पर रखने के लिए कई अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। उनकी भावना का सम्मान करते हुए, खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कहा जाएगा।

**● देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान**

खेल रत्न अवॉर्ड देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान है। पहली बार यह पुरस्कार 1991-92 में दिया गया था। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।

## सुविचार

परोपकार धर्म का दूसरा नाम है
परपीड़ा सबसे बड़ा पाप

**● विवेकानंद**

## गुड मॉर्निंग

लड़का : क्यूं रो रही हो?
लड़की : मेरे मार्क्स बहुत कम आए हैं।
लड़का : बता कितने आए हैं?
लड़की : सिर्फ 80%।
लड़का : अरे रहम कर रहम, इतने में तो दो लड़के पास हो जाते हैं।

## बिजनेस

**सेंसेक्स**

54,492.84+123.07 (0.23%)

**निफ्टी**

16,294.60+35.80 (0.22%)

## दैनिक पंचांग

तिथिः त्रयोदशी - 18:28 तक
नक्षत्रः आर्द्रा - 06:38 तक
योगः वज्र - 01:10, अगस्त 07 तक
करणः गर - 05:53 तक
पक्षः कृष्ण पक्ष
वारः शुक्रवार

### पीएम मोदी ने फोन कर बढ़ाया महिला हॉकी टीम को ढांढस

# फूट-फूटकर रोने लगीं खिलाड़ी

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय महिला हॉकी टीम को भले ही ब्रिटेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन टीम 130 करोड़ देशवासियों का दिल जीत गई। प्रधानमंत्री मोदी ने महिला हॉकी टीम को फोन कर ढांढस बढ़ाया। पीएम मोदी के फोन करते ही खिलाड़ी फूट-फूटकर रोने लगीं। इस दौरान पीएम ने टीम के खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की और कहा कि आप पर देश को गर्व है। बता दें कि भारतीय टीम पहली बार ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन ब्रिटेन से 3-4 से हारकर कांस्य से चूक गई।





**● हार के बाद भी पीएम ने बढ़ाया थआ हौसला**

गौरतलब है कि भारतीय महिला हॉकी टीम के हार के बाद भी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित देश के कई दिग्गज लोगों ने टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, 'ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रयासों से हम सभी अभिभूत हैं। विशेषकर हॉकी में हमारे बेटे-बेटियों ने जो इच्छाशक्ति दिखाई है, जीत के प्रति जो ललक दिखाई है, वो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।'

**● हमें आप सभी पर गर्व है : राष्ट्रपति**

वहीं, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन करके देश के हर नागरिक का दिल जीत लिया है। कोविंद ने कहा, 'हमें आप सभी पर गर्व है। राष्ट्रपति ने ट्वीट कर कहा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैदान पर अपने शानदार प्रदर्शन से भारत के हर नागरिक का दिल जीत लिया।'

**● 2 मिनट 48 सेकंड के वीडियो में पीएम ने कहा,**

आप सभी को नमस्कार....नमस्ते नमस्ते सर...देखिए आप सब लोग बहुत बढ़िया खेले हैं। आपने इतना पसीना बहाया, इतना पसीना बहाया। सबकुछ छोड़छाड़ कर आप साधना कर रहे थे। आपका पसीना पदक नहीं ला सका। मगर आपका पसीना करोड़ों बेटियों की प्रेरणा बन गया। आपके सभी साथियों और आपके कोच को बधाई देता हूं। निराश बिल्कुल नहीं होना है। अच्छा मैं देख रहा था कि नवनीत की आंख पर कुछ चोट आई है....हां जी कल उसको चोट आई थी। उसको चार टांके लगे हैं। आपको को तो कोई तकलीफ तो नहीं आई। बंदना आप सब ने तो बहुत बढ़िया किया। सलीमा ने तो कमाल कर दिया।...थैंक्यू सो मच सर...देखिए आप सब को निराश नहीं होना है। देश आज आप पर गर्व कर रहा है। बिल्कुल निराश नहीं होना है। भारत हॉकी की पहचान है। इतने दशकों के बाद भारत में हॉकी पुनर्जीवित हो रही है और आपलोगों की मेहनत की वजह से हो रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला हॉकी टीम के कोच से भी बात की।

## विपक्ष का हंगामा जारी, बैठक दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पेगासस जासूसी विवाद और तीन कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा शुक्रवार को भी जारी रहा और संसद की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बज कर करीब दस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी।पेगासस जासूसी मामला, तीन केंद्रीय कृषि कानूनों और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब 12 बजकर 25 मिनट पर दिन भर के लिये स्थगित कर दी। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही सदन ने 'कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2021' और 'केंद्रीय विश्वविद्यालय(संशोधन) विधेयक, 2021' को मंजूरी दी। आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 76 वर्ष पहले जापान के शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराये जाने की घटना का उल्लेख किया।


Unique Id: JH/2021/0276302

**SAICARE FOUNDATION**

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207
Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014
+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632
Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com



**THE VALUABLE OPPORTUNITY TO MAKE BUSINESS PERFECT**

*Admission Guidence*

MBBS PHARMACY NURSING DIP. ENG (BIT MESRA) B.TECH
MBA LLB GRADUATION MASTERS PARA MEDICAL

*Contact for any type of career and business consulancy & counselling*

Private Ltd. Company. Registration
One Person Company. Registration
Sole Propietorship Registration
Startup India Registration
Partnership Firm Registration
US Incorporation Registration
UK Incorporation Registration
Dubai Incorporation Registration

Digital Signature
ISO Certification
MSME/SSI
FSSAI
IEC
EPF/ESI
GST
Trade Mark
& Many More....

Call Us: +91 8789416227

Time : 10:00 am to 2:00 pm


## धनबाद जज की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने आईबी-सीबीआई को घेरा, कहा

## नहीं कर रहे न्यायपालिका की मदद

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने धनबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की हत्या की जांच कर रही सीबीआई से जजों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर कहा कि न्यायाधीशों को धमकाने और उनके साथ अभद्रता की कई घटनाएं सामने आई हैं, लिहाजा कोर्ट ने सभी राज्यों से जजों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के काम करने के तौर तरीकों पर भी सवाल



खड़े किए हैं। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि आईबी और सीबीआई न्यायपालिका की बिल्कुल भी मदद नहीं कर रहे हैं, जब जज शिकायत करते हैं तो जवाब तक देना उचित नहीं समझते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि पिछले कुछ समय से हाई-प्रोफाइल लोगों के पक्ष में अनुकूल आदेश पारित नहीं होने पर न्यायपालिका को बदनाम करने का एक नया चलन शुरू हो गया। झारखंड की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि 28 जुलाई की घटना की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। पीठ ने अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल से कहा कि ऐसे कई मामले हैं जिनमें गैंगस्टर और हाई-प्रोफाइल व्यक्ति शामिल हैं और न्यायाधीशों को धमकी या अपशब्दों वाले संदेश मिलने के उदाहरण हैं। पीठ ने कहा, 'न्यायाधीशों को शिकायत दर्ज कराने की भी आजादी नहीं है।' पीठ ने कहा कि यदि ऐसी शिकायतें दर्ज की जाती हैं तो पुलिस या सीबीआई न्यायपालिका की मदद नहीं करती है।


## आवश्यकता



झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी ज़िलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136


## डिजिटल इंडिया

# 82 करोड़ लोग कर रहे इंटरनेट का इस्तेमाल, 157383 पंचायतों में पहुंचा हाई स्पीड ब्रॉडबैंड

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

सिस्को के 'विजुअल नेटवर्किंग सूचकांक (वीएनआई) ने साल 2017 में अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत में 2021 तक एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्याा 82 करोड़ तक पहुंच सकती है। सिस्सो की चार से पहले आई यह रिपोर्ट सच हो गई है। सरकार ने राज्यसभा में बताया है कि देश में इस वक्त कम-से-कम 820 मिलियन यानी करीब 82 करोड़ लोग इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। दरअसल तृणमूल सांसद डेरेक ओ



ब्रायन ने राज्यसभा में पूछा था कि क्या सरकार ने इंटरनेट के नवीनतम स्तर या किसी ऐसे प्रॉक्सी का अनुमान लगाया है। सरकार की ओर से यह भी बताया कि देश के 1,57,383 ग्राम पंचायत में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा दी गई है। डेरेक ने यह भी पूछा कि ₹क्या वर्तमान में ग्रामीण और शहरी भारत के बीच एक डिजिटल विभाजन मौजूद है और यदि ऐसा है तो इस अंतर को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? इस सवाल के जवाब में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अनुसार, 31 मार्च 2021 तक देश में 82.53 करोड़ (825.301 मिलियन) इंटरनेट ग्राहक हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण भारत में 302 मिलियन से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि शहरी भारत में यह संख्या 502 मिलियन से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण भारत में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार ने देश के सभी ग्राम पंचायतों और गांवों में भारतनेट परियोजना को लागू किया है।

**● देश में 2025 तक 90 करोड़ होंगे सक्रिय इंटरनेट यूजर**

आईएएमएआई-कंटर क्यूब ने इसी साल जून में अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि देश में 2025 तक सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 45 फीसदी बढ़कर 90 करोड़ हो जाएगी। पिछले साल देश में यह आंकड़ा 62.2 करोड़ था। रिपोर्ट में कहा गया था कि भले ही शहरी भारत में इंटरनेट की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है लेकिन ग्रामीण इलाकों में साल दर साल के हिसाब से बढ़ने वाले इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या शहरी इलाकों से ज्यादा है।




## संक्षिप्त समाचार

### हरहरिया नदी में 17 वर्षीय युवक डूबा

**दुमका।** हंसडीहा थाना के बलवारा गांव के समीप हरहरिया नदी में एक युवक के डूबने की सूचना है। बताया गया कि बलवारा गांव निवासी संजय कुंवर के पुत्र 17 वर्षीय गुड्डू कुंवर गुरुवार के दिन मवेशी चराने नदी की तरफ गया था। जिसके बाद गुड्डू के साथ उसके कुछ साथी नहाने नदी में उतर गए। नहाने के दौरान गुड्डू पानी की तेज बहाव में आ गया। घटना की जानकारी गुड्डू के दोस्तों द्वारा उनके परिजनों और गांव वालों को दी गयी। जिसके बाद सभी लोग नदी पहुंच कर गुड्डू की तलाश में जुट गए। स्थानीय लोगो द्वारा नदी में घंटो रेस्क्यू कर उसे ढूढने का प्रयास किया, मगर वो प्रयास असफल रहा। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। जिसके बाद एएसआई अनुरंजन मिंज, बिंदु सिंह, मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मसानजोर से स्थानीय गोताखोर को बुलाया गया। गोताखोर रस्सी के सहारे जब नदी में उतरा तो पानी की तेज बहाव के सामने युवक को खोजने में असफलता मिली। जिसके बाद पुलिस प्रशासन सहित ग्रामीणों को वापस लौटना पड़ा। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि एनडीआरएफ देवघर की टीम से संपर्क किया जा रहा है। अंधेरा हो जाने की वजह से अब शुक्रवार सुबह ही खोजबीन की जाएगी।

### दुकान का ताला तोड़ चोरी करने वाला गया जेल

**दुमका।** 5 अगस्त को जरमुंडी थाना क्षेत्र के अंबा गांव से दुकान का ताला तोड़ते रंगे हाथ अपराधी सुरेंद्र यादव, पिता राजू यादव, सा0 चगुरायडीह, मोहनपुर जिला देवघर झारखंड को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल।यंहा बता दे की 5 अगस्त की मध्य रात्रि को 2:00 बजे गस्ती के दौरान देखा गया कि अंबा गांव में एक अपराध कर्मी द्वारा दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश किया जा रहा है।गस्ती पदाधिकारी अवर निरीक्षक प्रभास कुमार ने अपराध कर्मी को रंगे हाथ ताला तोड़ते हुए देख लिया। अपराध कर्मी पुलिस को देख भागने लगा भागते-भागते अपराध कर्मी एक तालाब में कूद गया, अवर निरीक्षक प्रभास कुमार रवानी ने भी चोर का पीछा करने के क्रम में जान जोखिम में डालकर तालाब में कूद पड़े, तालाब को तैरकर पार करने के बाद अभियुक्त सुरेंद्र यादव धान के खेत में छिपकर सो गया जिसे अवर निरीक्षक प्रभास कुमार रवानी ने खदेर कर गिरफ्तार कर लिया। अपराधी सुरेंद्र यादव का पूर्व में भी देवघर जिले में अपराधिक इतिहास है।

### जन शिकायत निराकरण का आयोजन



**दुमका।** शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जन शिकायत निराकरण का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कोविड नियमों का पालन कर शारीरिक दूरी व फेस मास्क का उपयोग कर विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पेयजल व राशन कार्ड से संबंधित मामले उपायुक्त के समक्ष रखे गए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बेझिझक अपनी शिकायतें सामने लाएं। अपने आसपास के लोगों को भी जनता दरबार की जानकारी दें। इसी क्रम में जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत टैपरा दुधानी के रहने वाले जनार्दन मंडल ने उपायुक्त के समक्ष प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति होने के बाद आ रही कठिनाई से संबंधित समस्या को रखा। बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें आवास निर्माण कार्य में बाधा उत्पन कर रहे है। समस्या को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित प्रखंड के अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही करते हुए सूचित करने का निर्देश दिया।

### पंचायत सचिव एवं स्वंयसेवक के साथ बैठक आयोजित

**दुमका।** उपायुक्त के निदेशानुसार सदर प्रखण्ड सभागार प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा में सभी पंचायत सचिव और सभी पंचायत स्वंयसेवक के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्रा आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवासों के प्रगति की समीक्षा किया गया। पंचायत सचिव और स्वंयसेवक द्वारा यह बताया गया कि



कुछ लाभुक के बाहर चले जाने के कारण, कुछ लाभुक के मृत होने के कारण तथा अन्य कारणों से वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक कुल 156 आवास अभी भी लंबित है। उपायुक्त के निदेशानुसार ऐसे सभी आवासों को प्राथमिकता के आधार पर लाभुक और लाभुक के परिवारों को सहयोग करते हुए 30 सितम्बर 2021 तक पूरा करने का निदेश सभी पंचायत सचिव और स्वंयसेवक को दिया गया। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2021-22 के आवास प्लस और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना की भी समीक्षा किया गया। जिसमें सभी पंचायत सचिव को यह निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर सभी लाभुकों का दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# कार को किराये पर लेकर चालक के साथ मारपीट कर कार लूटने के मामले का उद्भेदन, दो आरोपी गिरफ्तार

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )

**दुमका।** दुमका पुलिस ने पश्चिम बंगाल से कार को किराये पर लेकर चालक के साथ मारपीट करने और कार लूटने के मामले का उद्भेदन करने का दावा किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार के दिन आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में एसपी अंबर लकड़ा ने पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि दुमका जिला के हंसडीहा थाना में 24 जुलाई को पश्चिम बंगाल के सिउड़ी निवासी पोटल शेख ने आवेदन देकर बताया की सिउड़ी बस स्टैंड से तीन लोग भागलपुर जाने के लिए हुंडई वरना कार को किराये पर लिया था। रास्ते में दुमका जिला के





हंसडीहा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पुल के समीप एक व्यक्ति ने शौच जाने के बहाने गाड़ी रुकवाया, जबकि पीछे बैठे दो व्यक्ति ने चालक को कब्जे में ले लिया। चालक को कब्जे में लेने के बाद तीन में से एक व्यक्ति गाड़ी ड्राइव करने लगा। इस बीच चालक के साथ मारपीट की गई और पेय पदार्थ के साथ बेहोशी की दवा मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में उसे जंगल में छोड़ दिया गया। होश में आने के बाद वह हंसडीहा थाना आया और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। आवेदन मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और पश्चिम बंगाल से लेकर भागलपुर तक इस कांड का अनुसंधान किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कांड का उद्भेदन किया गया और बिहार के भागलपुर जिला के सनहौला थाना क्षेत्र से मोहम्मद जियाउल को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ के बाद उसने अपना अपराध स्वीकार किया साथ ही उसकी निशानदेही पर भागलपुर के पीरपैंती थाना क्षेत्र में छापेमारी कर घटना में शामिल एक और आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से इस कांड में लूटी गयी कार को बरामद कर लिया गया। इस तरह पश्चिम बंगाल और बिहार पुलिस से सामंजस्य स्थापित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए लूट कांड का उद्भेदन कर लिया गया। बहरहाल इस मामले में शामिल तीसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता में डीएसपी विजय कुमार, थाना प्रभारी अमन आकृष्ट आदि मौजूद थे.

## सांसद ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से की मुलाकात , एसकेएमयू को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने की रखी मांग

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )

**दुमका।** लोकसभा के सांसद सुनील सोरेन ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उनके कार्यालय में मुलाकात की। सांसद ने धर्मेंद्र प्रधान से मांग किया कि हमारे सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाए। सांसद ने कहा कि शैक्षणिक दृष्टिकोण से दुमका धीरे-धीरे विकसित तो हो रहा है लेकिन यहां ज्यादा तेजी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लोगों तक पहुंचे इसके लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी काफी कारगर साबित होगा। इसके साथ ही सुनील सोरेन में एक और महत्वपूर्ण मांग शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी वह है सीबीएससी का रीजनल ऑफिस दुमका में खुले। सांसद ने कहा कि दुमका उपराजधानी है और यहां झारखंड अधिविध परिषद ( जैक) का क्षेत्रीय कार्यालय लगभग दो दशक से कार्य कर रहा है। अगर इसी तरह सीबीएसई का रीजनल ऑफिस यहां स्थापित कर दिया जाए तो काफी बेहतर कदम होगा।



- **आईआईटी की हो स्थापना**

सुनील सोरेन दुमका की शिक्षा व्यवस्था के विकास के प्रति काफी गंभीर नजर आए और उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से दुमका में आईआईटी स्थापित करने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुमका में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज है। अगर आईआईटी भी स्थापित हो जाये तो यह इलाके के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सुनील सोरेन ने ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन का रीजनल ऑफिस भी स्थापित करने की मांग रखी। इस मुलाकात के बाद सांसद सुनील सोरेन का×फी उत्साहित नज़र आये। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से यह मुलाकात काफी सकारात्मक रही और इसका दूरगामी असर देखने को मिलेगा। सांसद ने कहा कि हमारे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। एक एमपी के स्तर पर अब तक जो प्रयास होनी चाहिए थी वह हुआ ही नहीं। जनता ने हम पर विश्वास किया है और मैं उस पर सौ प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूँ।

## उपायुक्त ने दिया जेआरजीबी शिकारीपाड़ा के शाखा प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र

- **शत प्रतिशत आवेदनों के निष्पादन के लिए मिला प्रशस्ति पत्र**

**दुमका (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )।** राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन हर एक योग्य लाभुक को केसीसी का लाभ मिले इसके लिए गंभीर है। उपायुक्त द्वारा लगातार इस संबंध में जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक कर आवशयक निदेश दिया जा रहे हैं। बैठक कर शाखा प्रबंधको को अधिक से अधिक केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए कहा जा रहा है। उपायुक्त ने प्रखंडवार केसीसी ऋण हेतु लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केसीसी आवेदनों के निष्पादन में बेहतर कार्य करने वाले प्रखंडो, बैंक शाखाओं को भी उपायुक्त द्वारा प्रोत्साहित किया जाता रहा है। इसी क्रम में कुमुद कुमार, शाखा प्रबंधक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, शिकारीपाड़ा शाखा को केसीसी ऋण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य




करने के लिए उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी शिकारीपाड़ा ने शाखा प्रबंधक को समर्पित किया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, शिकारीपाड़ा शाखा को केसीसी ऋण से संबंधित कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन शाखा प्रबंधक द्वारा किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के प्रयास से राज्य सरकार और जिला प्रशासन का संकल्प पूरा होगा। साथ ही यह कार्य समाज तथा कृषकों के आर्थिक उन्नति में सहायक होगा।

## महाविद्यालय के सभी प्राचार्य के साथ संघ ने किया वर्चुअल बैठक

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )

दुमका। संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ दुमका इकाई की एक वर्चुअल बैठक प्राचार्य डॉ अब्दुल रईस खान की अध्यक्षता में हुई .जिसमें नाला डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गुणमय दास, भागवत झा आजाद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी, शिकारीपाड़ा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिकन्दर प्रसाद सिंह, जामताड़ा संध्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर सिंह, मेहीजाम डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण मोहन साह, महिला महाविद्यालय गोड्डा से बिपीन कुमार, दिनेश चंद्र यादव, बरहरबा महाविद्यालय से प्रोफेसर प्रदीप कुमार साह, जगन्नाथ मिश्र महाविद्यालय से अनंत कुमार सिंह, सिकारीपारा महाविद्यालय से प्रोफेसर मनोज मल्लिक, ए एन महाविद्यालय से डॉक्टर प्रमोद कुमार झा साथ ही संबंध डिग्री महाविद्यालय महासंघ झारखंड के डॉक्टर नरेंद्र प्रसाद सिंह भी सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम में कुल 50 शिक्षक एवं शिक्षक कर्मचारी शामिल हुए .वर्चुअल बैठक को संबंधित संबोधित करते हुए संघ के सचिव




डॉक्टर गजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस पांडेमिक कोविड-19 में महाविद्यालयों को अंगीभूत करने हेतु कार्य वर्षों से रुका पड़ा है अब कोविड-19 होने के फलस्वरूप हम सबों का दायित्व है कि रांची में बैठकर मुख्यमंत्री से मिलकर इस कार्य को गति दें. इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य अब्दुल रईस खान सर ने कहा सभी 10 महाविद्यालयों को पांच 5000 संघ के कोष में जमा करें 9-अगस्त को मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अब्दुल रईस खान एवं नाला डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गुनमय जी रांची के लिए प्रस्थान कर रहे हैं वहां दो-तीन दिन रह कर के मुख्यमंत्री से मिलकर डिग्री कॉलेज को अंगीभूत करने में अपना सहयोग देंगे. इसके फलस्वरूप चर्चा हुई कि 3 सितम्बर से रांची में विधानसभा की कार्य अवधि के दौरान दुमका के दो-तीन शिक्षक महाविद्यालय को अभिभूत कराने हेतु विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर रांची में रहकर कार्य को आगे बढ़ाएंगे. सभी प्रचार एवं शिक्षकों ने इस प्रस्तावना की भूरी भूरी प्रशंसा की और सभी ने कोष में कोष संग्रह में पांच 5000 देने की स्वीकृति दी. धन्यवाद ज्ञापन संबंध डिग्री महाविद्यालय महासंघ दुमका इकाई के सचिव डॉक्टर गजेंद्र कुमार सिंह ने दिया.

## उपायुक्त ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**दुमका (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )।** जिला समग्र शिक्षा परियोजना कार्यालय में उपायुक्त द्वारा शिक्षा विभाग एवं उगम एजुकेशन फाण्डेशन की संयुक्त पहल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का नाम ट्रांसफोर्मिग कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के.जी.बी.भी. को मॉडल विद्यालय बनाया जायेगा तथा छात्रा, शिक्षक एवं वार्डेन के लीडरशीप क्षमता का विकास किया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित वार्डेनों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी कस्तुरबा गांधी के छात्राओं को पढ़ाई के साथ - साथ स्वावलंबी बनाने एवं विभिन्न शिक्षकेत्तर कार्यक्रम में बढ़ावा देने का निदेश दिया। साथ ही सबसे कमजोर छात्रा को सबसे अच्छे छात्रा के बराबर लाने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने के.जी.बी.भी. में नामांकन में पारदर्शिता रखने का निदेश दिया तथा कहा गया कि उनके द्वारा नियमित रूप से के.जी.बी.भी. भ्रमण किया जायेगा। आज के कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, ए.डी.पी.ओ., ए.पी. ओ. तथा सभी के.जी.बी.भी. की वार्डेन उगम की संस्थापिका लोपा गांधी, संजय झा तथा केना होलकर तथा नीति आयोग के डिस्ट्रीकफेलो सम्राट भी उपस्थित थे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत उपायुक्त ने जागरूकता रथ यात्रा को दी हरी झंडी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )

**दुमका।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम कराया जा रहा है।

इसी क्रम में आज उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा। समाज कल्याण विभाग एवं वर्ल्ड विजन इंडिया के सौजन्य से स्तनपान के




प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्तनपान के प्रति जागरूक करेगा।

उन्होंने कहा कि स्तनपान बच्चे के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास हेतु सबसे महत्वपूर्ण पहलू में से एक है। जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान, 6 माह तक सिर्फ स्तनपान एवं 2 वर्ष या उससे अधिक उम्र तक के बच्चों को स्तनपान जारी रखना बच्चे एवं माताओं के लिए काफी लाभप्रद है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लोगों को स्तनपान के प्रति जागरूक करने के विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा एवं सेविका, सहायिकाओं द्वारा स्तनपान को बढ़ावा देने के मद्देनजर स्थानीय भाषा में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि इस जागरूकता अभियान का मकसद नए माता-पिता के बीच जागरूकता पैदा करना और दुनिया भर में शिशु स्वास्थ्य में सुधार करना है। विश्व स्तनपान सप्ताह इस चुनौतीपूर्ण समय में स्तनपान व्यवहारों के प्रोत्साहन एवं सुदृढ़ीकरण करने का अवसर प्रदान कर रहा है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम है स्तनपान की रक्षा करना एक साझा जिम्मेदारी है। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग के कर्मी, वर्ल्ड विजन के सदस्यगण एवं अन्य उपस्थित थे।






# अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के भूमि पूजन की पहली वर्षगांठ भाजपा ने मनाया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)




**पाकुड़।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के भूमि पूजन की पहली वर्षगांठ के मौके पर भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई के द्वारा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह के अध्यक्षता में पाकुड़ नगर के दर्जनों मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई. कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला के उपाध्यक्ष अमृत पांडे उपस्थित थे. पाकुड़ नगर के विभिन्न मंदिरों जिसमें प्रमुख रुप से भगत पाड़ा के शिव मंदिर बिरसा चौक के हनुमान मंदिर श्याम नगर के दुर्गा मंदिर ठाकुरबाड़ी मंदिर काली भषाण शिव मंदिर जैसे विभिन्न मंदिरों में पाकुड़ नगर के कार्यकर्ताओं के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया. भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमृत पांडे ने कहा कि 5 अगस्त का दिन बहुत खास हो गया है। इसी दिन दो साल जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया, पिछले साल राम मंदिर भूमि पूजन हुआ और आज ओलिंपिक में भारतीय हॉकी ने 41 साल बाद मेडल जीता। भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह ने कहा कि 5 अगस्त है जब कोटि-कोटि भारतीयों ने सैकड़ों साल बाद भव्य राम मंदिर के निर्माण की तरफ पहला कदम रखा। आज अयोध्या में तेजी से राम मंदिर का निर्माण हो रहा है आज 5 अगस्त की तारीख, फिर एक बार हम सभी के लिए, उत्साह और उमंग लेकर आई है। आज ही, ओलंपिक के मैदान पर देश के युवाओं ने हॉकी के अपने गौरव को फिर स्थापित करने की तरफ बड़ी छलांग लगाई है हमारे युवा भारत के लिए नई सिद्धियां प्राप्त कर रहे हैं. पाकुड़ नगर के कई मंदिरों को दीपक की रोशनी से सजाया गया एवं पूजा आरती के उपरांत सभी को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नगर महामंत्री पार्थ रक्षित ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष तारक भगत, भाजपा नगर उपाध्यक्ष पिका पटेल, नगर कोषाध्यक्ष राजा साह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रवि शंकर झा, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष रतन भगत, वार्ड पार्षद भाजपा नेता अशोक प्रसाद, आनंद मिश्रा, किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष कुंदन सिंह, प्रदीप सहा, संजय राय एवं कई कार्यकर्ता दीप प्रज्वलित कार्यक्रम में उपस्थित थे.

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ ने किया समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक निर्देश



**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी ने प्रखंड में संचालित सभी योजनाओं का समीक्षा किया. समीक्षा बैठक में बीडीओ ने सर्व प्रथम मनरेगा योजना की समीक्षा किया. उन्होंने संबंधित एई और जेई को अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया साथ ही मनरेगा के तहत मजदूरों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराकर रोजगार देने का निर्देश दिया गया. बीडीओ ने अधूरे पीएम आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया. बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत मनरेगा अंतर्गत राज्य भर में पानी रोको पौधा रोपो अभियान चलाया जा रहा है। इस के तहत लोगों को रोजगार देने साथ ही इस योजना को अविलंब पूर्ण का भी निर्देश दिया गया. मौके पर बीपीओ, एई, जेई, जनसेवक, सहित सभी पंचायत के पंचायत सचिव मौजूद थे.

### आईसीआईसीआई बैंक ने सौंपा जिला प्रशासन को 6 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



**पाकुड़।** कोविड-19 के संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर आईसीआईसीआई बैंक के द्वारा जिला प्रशासन पाकुड़ को आमजनों के लिए कोविड- 19 से संक्रमित मरीजों के इलाज हेतु 6 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किया गया। जिले में कोरोना संक्रमण के संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए आईसीआईसीआई बैंक के द्वारा शुक्रवार को 6 पीस ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए। उपायुक्त वरुण रंजन एवं उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, आईसीआईसीआई बैंक के पदाधिकारी गण की उपस्थिति में यह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर आईसीआईसीआई बैंक के द्वारा जिला प्रशासन को प्रदान किया गया। इस मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन ने आईसीआईसीआई बैंक के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि ऐसे सामाजिक कार्य आईसीआईसीआई बैंक के द्वारा किए जा रहे हैं जो काफी सराहनीय है। उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि कोरोना महामारी में सभी जिलावासियों के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बहुत ही कारगर साबित होगी एवं अस्पताल के सुदृढ़ीकरण में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिलेवासी राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर किए जा रहे जारी दिशा निर्देशों का सही तरीके से अनुपालन अवशय करें।

### कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज दिया गया

**पाकुडिया (पाकुड़)।** पाकुडिया प्रखंड के चिन्हित 4 वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष के लोगों को कोरोना का वैक्सीन दिलवाने का कार्य शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की निगरानी में किया गया । इस दौरान प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया, बन्नोग्राम व गानापूरा सहित अन्य गांवों में बुजुर्गों सहित 18 प्लस युवाओं को कोरोना वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज दिया गया । वहीं मोबाईल वेन से भी सार्वजनिक स्थलों पर लोगो को वैक्सीन दिया गया। 18 से 45वर्ष से ऊपर के 200 लोगों को वेक्सीन लगाया जा चुका था। वैक्सीन का डोज ले चुके लोगों ने बताया कि कोरोना वैक्सीन लेने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना नही करना पड़ा । वैक्सीन के बाद सब कुछ सामान्य है । वहीं दर्जनो सुदूर गांवों के युवा भी अतिउत्साह के साथ वैक्सीन लेने पाकुडिया अस्पताल सहित अन्य वेक्सिनेशन केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने बाकी लोगों से भी जल्द से जल्द नजदीकी टीकाकरण केंद्र जाकर वैक्सीन लगवाकर खुद को सुरक्षित कर लेने का आव्हान किया। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार ने बताया कि वैक्सिनेशन के दौरान कोरोना गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन कराया जा रहा है । टीकाकरण कार्य का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अंचलाधिकारी किरण कु डांग व थाना प्रभारी चंदन गुप्ता द्वारा घूम घूम करते देखा गया ।

### विशेष जांच शिविर लगाया गया

**पाकुडिया (पाकुड़)।** कोरोना वायरस के रोकथाम व इससे बचाव के मद्देनजर कोविड 19 की जांच हेतु शुक्रवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया के गेट के समीप एवं थाना के मुख्य गेट के समीप में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रहित किया गया। साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया । प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब सैम्पल की जांच एंटीजन किट व ट्रू नेट मशीन से की जायेगी । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया मैं सैम्पल संग्रहण केंद्रों में समाचार प्रेषण तक 260 लोगों का स्वाब सैम्पल लिया जा चुका था तथा आगे शिविर में उपस्थित लोगों के जांच का कार्य चल रहा था। मौके पर अलख कुमार, विनोद ढाका, नागेश्वर प्रसाद, अटल बिहारी, राजकुमार ठाकुर, नूर आलम शेख, सतीश टुडू, रविंद्र मुर्मू, शिवराम किस्कू सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे ।

### 13 माटी शिल्पकारों को विद्युत चालित चालक 90% सब्सिडी के मूल्य पर उपलब्ध कराया गया

**पाकुड़।** शुक्रवार को जिला उद्योग केंद्र पाकुड़ में झारखंड माटीकला बोर्ड रांची के सौजन्य से पाकुड़ के कुल 13 माटी शिल्पकारों को विद्युत चालित चालक 90% सब्सिडी के मूल्य पर उपलब्ध कराया गया है। ज्ञात हो कि 2017 में सरकार ने माटी कला बोर्ड का गठन किया था। ताकि मिट्टी से जुड़े शिल्पकार और आधुनिक तौर पर ट्रेनिंग समुचित बाजार की व्यवस्था हो सके और मिट्टी शिल्पकारों की आय में वृद्धि हो सके। प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार होरो ने प्रखंड के मिट्टी शिल्पकार से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में जुड़ कर इस योजना का लाभ उठाएं। मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रमेश प्रसाद गुप्ता, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सुरेश तिर्की एवं जिला समन्वयक देवव्रत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**पाकुड़।** महेशपुर थाना क्षेत्र के रामनाथपुर गांव में एक 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया। महेशपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर पंचायत अंतर्गत रामनाथपुर गांव में गुरुवार देर रात एक 18 वर्षीय युवती ने अपने दुपट्टा से घर के अंदर फांसी लगा लगाकर आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर जानकारी देते हैं पुलिस अधिकारी ने बताया की सुबह सूचना मिली कि रामनाथपुर गांव में एक युवती ने आत्महत्या कर लिया जानकारी मिलते ही महेशपुर पुलिस प्रशिक्षु एसआई टिंकू रजक, एएसआई एमके पाठक दल बल के साथ रामनाथपुर गांव पहुंचकर सुहागिनी टुडू को फंदे से उतारते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दी गई एवं उनके परिजनों से पूछताछ करने पर बताया गांव में बगल में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी हम ग्रामीणों के साथ उसके घर में ही थे जब सुबह घर आया तो देखा फंदा में लड़की लटक रही है। पुलिस ने बताया मामले की छानबीन की जा रही है।

## उपायुक्त ने समेकित जनजाति विकास अभिकरण द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

- **प्री मैट्रिक छात्रों का डाटाबेस डीईओ/ डीएसई से 31अगस्त तक प्राप्त कर आधार कार्ड लिंक कराते हुए शत-प्रतिशत छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाएं- उपायुक्त**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**पाकुड़।** उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पोस्ट मैट्रिक के छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन का वेरीफिकेशन आदि का कार्य अविलम्ब करने हेतु परियोजना निदेशक को निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिलांतर्गत स्वीकृत जाहेरस्थान की घेराबंदी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विगत वित्तीय वर्ष 2019-20 में अपूर्ण पाए गए।योजनाओं की जानकारी ली, 30 सितंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2020-21 में विभाग से स्वीकृत कुल 22 योजनाओं में उपायुक्त द्वारा अगस्त 2021के अन्त तक प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कब्रिस्तान घेराबन्दी योजना में वित्तीय वर्ष 2019-20 की अपूर्ण 01 योजना को 30 सितंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।साथ ही वर्ष 2020-21 में स्वीकृति 9 कब्रिस्तान घेराबंदी का कार्य प्रारंभ कराते हुए 30 नवम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।का निर्देश दिया गया। सीसीडी योजना के तहत लंबित 04 योजना को31 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया एवं वर्ष 2020-21 में स्वीकृत पीसीसी पथ निर्माण की योजना का निविदा 15 अगस्त तक निस्तार कर कार्य प्रारंभ करते हुए 3 माह में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए मो० शाहिद अख्तर, जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव व अन्य उपस्थित थे।

## अभावग्रस्त एवं तत्काल जरूरतमंद खिलाड़ियों के तत्काल सहायता हेतु जिला स्तर पर शिकायत निवारण समिति की बैठक डीसी ने किया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)




**पाकुड़।** शुक्रवार को अभावग्रस्त एवं तत्काल जरूरतमंद खिलाड़ियों के तत्काल सहायता हेतु जिला स्तर पर शिकायत निवारण समिति की बैठक उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा पर्यटन, कला - संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड रॉची के आदेश के आलोक में झारखण्ड राज्य में अभावग्रस्त एवं संकटग्रस्त जरूरतमंद खिलाड़ी के तत्काल सहायता हेतु जिला स्तर पर शिकायत निवारण समिति बनाया गया है। खिलाड़ी हबीबूर शेख के आर्थिक स्थिति तथा मांग को समिति के समक्ष रखा गया। प्रखण्ड पाकुड़ के साईकिलिंग खिलाड़ी हबीबूर शेख पिता नुजुर शेख ग्राम - रणडांगा ( ईशाकपुर ) के द्वारा अभावग्रस्त एवं तत्काल जरूरतमंद खिलाड़ियों के रूप में तत्काल सहायता हेतु जिला खेलकूद कार्यालय शिकायत निवारण समिति के द्वारा मदद की मांग की गई।जिसमें साईकिलिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2016 में प्रथम स्थान की ईनाम राशि ( 36000.00 रूपया ) तथा आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण तत्काल सहायता की मांग की गई। जिला स्तरीय खिलाड़ी शिकायत निवारण समिति द्वारा ईनाम राशि हेतु जिला खेल पदाधिकारी को ईनाम राशि के लिए खिलाड़ी का फार्म भरवाकर निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड राँची को भेजने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने खिलाड़ी के तत्काल सहायता हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड़ को राशन उपलब्ध कराने के साथ ही खिलाड़ी के मांग के आधार पर राशन कार्ड तथा जॉब कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। अभावग्रस्त एवं जरूरतमंद खिलाड़ी के रूप में खिलाड़ी हबीबूर शेख को तत्काल सहायता के उपरान्त उच्च स्तरीय सहायता हेतु जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति द्वारा निदेशक , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग - सह - कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण को अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जिला अभावग्रस्त एवं जरूरत मंद खिलाड़ी के द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अपने स्तर से समीक्षा के उपरान्त जिला खेल कार्यालय को यथा शीघ्र जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड़, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## छात्रों ने किया जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का घेराव

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**पाकुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में इंटरमीडिएट के छात्रों ने राज हाई स्कूल प्लस टू रैली निकालते हुए अंबेडकर चौक में झारखंड के शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया. तत्पश्चात छात्र जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के बाहर घंटों धरने पर बैठे. सूचना मिलने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी घंटो तक छात्रों के पास नहीं आए. छात्र इसी प्रकार भूखे प्यासे धूप में बैठे छात्रों के पास जिला शिक्षा पदाधिकारी आए सभी छात्रों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा. यह मांग रखा कि जल्द से जल्द इस परीक्षा परिणाम में संशोधन किया जाए अन्यथा हम सभी छात्र इसी प्रकार आंदोलन करते रहेंगे। मौके पर विश्वविद्यालय संयोजक राहुल मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार से जैक द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है बिना परीक्षा लिए ही उन्हें असफल घोषित कर दिया गया है यह कतई उचित नहीं है। वही अमित साहा ने बताया कि देखिए जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से पूरा शिक्षा व्यवस्था लाचार हो गया राज्य का हर चौक चौराहा धरनामय हो गया है। राज्य लोगों को अपने हक के मांग के लिए आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। इन सभी का एक ही कारण है जो मंत्रिमंडल का बंटवारा हुआ था उसमें ऐसे लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया. मुख्यमंत्री को यथाशीघ्र शिक्षा मंत्री के पद से जगरनाथ महतो को हटाना चाहिए और किसी योग्य मंत्री को उनके जगह में बैठाया जाना जाए ताकि हम छात्रों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ ना हो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चेयरमैन और राज्य के मुख्यमंत्री से यह मांग करती हैं कि आप जल्द से जल्द इसमें संशोधन कीजिए नहीं तो हम विद्यार्थी इसी प्रकार आंदोलन करते रहेंगे। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिशा बजाज, विशाल भगत, विभाग संयोजक धनंजय साहा, नगर मंत्री अमित साहा, सानू रजक, सत्यम भगत, तन्मय, गुलशन, अभिनभ, सुप्रिया, दुलाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीसी ने उद्योग व श्रम विभाग की समीक्षात्मक बैठक किये



**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में उद्योग व श्रम विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। उपायुक्त ने उद्योग विभाग की समीक्षा के क्रम में पीएमइजीपी योजना अंतर्गत 77 लक्षय दिया गया था उसके विरुद्ध 50 आवेदन बैंकों को भेजा गया था। अभी तक बैंकों के द्वारा तीन आवेदन सेंगशन किया गया है, 47 आवेदन बैंकों में लंबित है। उपायुक्त ने एलडीएम एवं संबंधित बैंक मैनेजर को एक प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पीएमईजीपी योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में प्रचार प्रसार एवं पोस्टर लगाने का निर्देश दिया। उद्योगों का डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया गया। उत्तम रजिस्ट्रेशन कराने हेतु चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक करने करने का निर्देश दिया गया। श्रम विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने 7771 मनरेगा मजदूर जिन्होंने पिछले साल 90 दिनों से ज्यादा काम किया है उसे भवन सनीनिर्माण योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ मजदूरों को मिले, कैंप लगाकर निबंधन करने व योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। मजदूरों के बीच अभियान चलाकर निबंधन के लिए जागरूक करने का भी निर्देश दिया। बैठक में श्रम अधीक्षक, उद्योग विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राशन डीलर परिवर्तन को लेकर ग्रामीणों ने आपूर्ति कार्यालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन



**महेशपुर(पाकुड़)।** महेशपुर काशा दिघी गांव के दर्जनों राशन लाभुक मोहम्मद हनीफ, मिलन सरकार, टीटू सरकार, नंद सरकार, भोलानाथ सरकार के अलावे दर्जनों लाभुक अनाज गोदाम के पास अवस्थी आपूर्ति कार्यालय के समक्ष आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को बिना सूचना दिए लाभुकों का राशन डीलर परिवर्तन कर देने को लेकर दर्जनों लाभुकों ने घंटों विरोध प्रदर्शन किया. लाभुक पूर्व की भांति राशन डीलर गौतम पाल के पास राशन उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे थे. लाभुकों ने बताया की हम ग्रामीणों को राशन लेने के लिए पूर्व में राशन डीलर के पास आने में असुविधा नहीं होती थी परंतु आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा हम ग्रामीणों को कोई सूचना दिए बगैर राशन डीलर के पास आवंटन देकर हम ग्रामीणों को परेशान करने का काम की जा रही है. ग्रामीणों ने आपूर्ति पदाधिकारी से अविलंब पूर्व की भांति राशन डीलर के पास राशन उपलब्ध कराने की मांग किये. उक्त मामले को लेकर आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क करने पर बताया आवेदन प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई करते हुए आवंटन उपलब्ध करा दी जाएगी।

### स्वास्थ शिशु प्रदर्शनी का आयोजन

**पाकुडिया (पाकुड़)।** पाकुड़िया प्रखंड के खजूरडंगाल पंचायत भवन में आम जनो में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं ग्रामीणों के साथ खजूरबंगाल पंचायत भवन में शुक्रवार को स्वास्थ शिशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था. इस प्रदर्शनी में स्वस्थ बच्चों की माताओं को पशु पालन पदाधिकारी सुनील टोप्पो, पिरामल स्वास्थ्य से प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी मनोज महतो, महिला पर्यवेक्षिका मंदोदरी देवी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और जागरूकता फैलायी गयी कि नवजात शिशु के लिए माँ का दूध सम्पूर्ण आहार के साथ साथ परस्पर स्नेह का प्रतीक हैं । यह नवजात शिशु के लिए अमृत के समान हैं । छह महीने तक नवजात शिशु को लगातार माँ का दूध पिलाना चाहिए एवं छह महीने तक नवजात शिशु को एक भी बूंद पानी नहीं पिलाना चाहिए। माँ का दूध ही नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार हैं । इस दौरान कुपोषण को दूर करने के लिये भी अनेकों प्रकार की जानकारी दी गई ।

### राधानगर में चला मास्क एवं वाहन जांच अभियान

**पाकुडिया(पाकुड़)।** पुलिस अधीक्षक पाकुड़ मणिलाल मंडल के निर्देशानुसार शुक्रवार को पाकुड़िया प्रखंड के राधानगर एवं पाकुड़िया प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में ए एस आई मनदीप मेहता एवं जवानों की मौजूदगी में सघन वाहन जांच एवं मास्क जांच अभियान चलाया गया। मौके पर दो पहिया वाहन सवार लोगों को हेलमेट जरूर पहने, मास्क लगाने व एक से ज्यादा वाहन में सवार नहीं होने को लेकर भी जागरूक किया गया। जिनके पास वाहन से संबंधित कोई कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, मास्क, इंश्योरेंस आदि नहीं मिला, वैसे गाड़ियों को रोक कर रखा गया तथा कागज लाकर दिखाने के उपरांत ही हिदायत देकर उन्हें छोड़ा गया। जेएसएलपीएस के जोहार परियोजना द्वारा आजीविका उत्पादक समूह की 30 दीदियों को 100 मुर्गी चूजा वितरण किया गया

# संक्षिप्त समाचार

## रामरुद्र हाई स्कूल में 'चीयर्स फॉर इंडिया ' कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो । संवाददाता।** चास नगर दक्षिणी मंडल भाजयुमो अध्यक्ष ललन शर्मा की अध्यक्षता में रामरूद्र हाई स्कूल में चीयर्स फॉर इंडिया कार्यक्रम रखा गया। टोक्यो ओलंपिक में खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने के लिए हम सब ने मिलकर सुबह मैदान मे दौड़े। मौके पर लालन ने कहा कि आज 41 साल बाद हॉकी मे भारत का जीत हुई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमलोग संदेश देना चाहते है कि मोहल्ला से भी भाई बहन निकल कर खेलने जांय और देशा का नाम रौशन करें। मौके पर उपस्थित प्रभारी राज सिंह, पूर्व उप महापौर अविनाश सिंह, राघव मिश्रा, जयशंकर, बुलेट, मोहित, मुकेश, बादल व राहुल मौजूद थे।

## विक्रम महतो नगर विकास समिति के संरक्षक सदस्य मनोनीत




**बोकारो । संवाददाता।** नगर विकास समिति के संरक्षक मनोज कुमार ने चास - चंदनकियारी क्षेत्र में सघन रूप से जनसेवा का कार्य कर रहे युवा विक्रम महतो को शुक्रवार को समिति का संरक्षक सदस्य मनोनीत किया है। इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि श्री महतो समिति के उद्देश्यों के अनुरूप अपने सहयोग से मजबूती प्रदान करेंगे। इनके मनोयन पर समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना, वरिष्ठ संरक्षक सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, कौशल किशोर, अशोक जगनानी, असित कुमार सिंह, कुमार जितेंद्र सिंह, शिव कुमार श्रीवास्तव, गौरी शंकर सिंह, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, राम भजन सिंह, लालमुनि देवी, हरविंदर सिंह भाटिया इत्यादि के अलावा कई सदस्य ने खुशी व्यक्त की है।

## गोमिया बीडीओ ने चतरोचट्टी एवं बड़की सीधावारा पंचायत का दौरा किया



**चतरोचट्टी । संवाददाता।** शुक्रवार को गोमिया बीडीओ कपिल कुमार ने गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी एवं बड़की सीधावारा पंचायत में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीड-ीओ ने लाभुकों को लंबित पड़े प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।
वहीं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना में चयनित लाभुकों की जांच की गई। मनरेगा एवं नरेगा से संबंधित योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। आम बागवानी योजना में खरपतवार की साफ सफाई करने तथा देखभाल करने का निर्देश लाभुकों एवं रोजगार सेवक को दिया गया। साथ में मनरेगा योजना के कूप निर्माण का भी निरीक्षण किया गया।
मौके पर पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक संतोष पंडित, रोजगार सेवक खुलेश्वर महतो, पंचायत सचिव सगुनाथ रविदास, बड़की सीधावारा ग्राम प्रधान डालचंद महतो, चतरोचट्टी ग्राम प्रधान महादेव महतो, उपेंद्र प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

# मिट्टी के घर गिरने से गरीब परिवार हुआ बेघर, माले नेता अकलेश यादव ने की मुआवाजे की मांग

गावां/ गिरिडीह/संवाददाता।

गांवा प्रखंड अंतर्गत सांख पंचायत के ग्राम बेंडरो निवासी गुड़िया देवी पति पप्पू यादव का घर की स्थिति बीते दिन बारिश होने से जर्जर हो गई थी। लकड़ी के खंबे लगाकर किसी तरह मिट्टी के दिवार को रोककर उसमें अपना जीवन यापन कर रहा था। बीते रात सभी परिवार घर के बाहर सो रहे थे तभी अचानक कुछ आवाज आई, देखा तो घर का दिवार गिर चुकी है ' पप्पू यादव नें कहा कि हमारे छोटे - छोटे तीन बच्चे है, अब रात कैसे गुजारेंगे इसकी चिंता है। अब बारिश में हमारा परिवार कहां रहेंगे, इसकी चिंता सता रही है।



- **बेघर हुए परिवार को मुआवजा देने की गारंटी करें प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी : अकलेश यादव।**

भाकपा माले युवा नेता अकलेश यादव ने कहा कि पप्पू यादव मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीते रोज जोरदार बारिश के दौरान घर की दीवारें में दरार पड़ जाने के कारण उनका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि हादसे के दौरान परिवार के सभी लोग रात में घर के बाहर सोए थे। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार होने के बावजूद भी इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया और अब सिर छुपाने की जगह भी नहीं है।
उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि ऐसे गरीब परिवार को तत्काल सरकारी लाभ दिया जाय, ताकि घर का पुनः निर्माण कराया जा सके। भ्रष्टाचार के कारण ऐसे गरीब लोगों को सरकारी लाभ नहीं मिल पा रही है। यदि सप्ताह दिनों के अंदर इन परिवारों को सरकारी लाभ नहीं दिया गया तो भाकपा माले ऐसे गरीब परिवारों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष को तेज करेंगी।

## नये नियुक्ति नियमावली का आम आदमी पार्टी ने किया स्वागत

गिरिडीह/संवाददाता।

झारखंड से मैट्रिक पास करने वाले विद्यार्थी को ही झारखंड में थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी मिलेगी।
झारखंड सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में इसको लेक-र नियुक्ति नियमावली में संशोधन की मंजूरी दी। आम आदमी पार्टी ने इस निर्णय का स्वागत किया है। जिला संयोजक कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के दो दशक बाद भी स्थानीय नौजवान नौकरियों से वंचित हैं। सही नियुक्ति नियमावली नहीं होने के कारण पिछले सरकार में उतर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों के लोगों को रेवड़ी की तरह नौकरियाँ दी गई । तत्कालीन एक मंत्री ने तो यहाँ तक कह दिया था कि यहाँ के लोग योग्य नहीं हैं । सरकार को उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा । श्री शर्मा ने कहा कि बगैर देर किए सरकार जल्द खाली पदों के लिए वैकेंसी निकालकर नौजवानों को नियुक्त करे । आम आदमी पार्टी के केन्द्रीय पर्यवेक्षक दिनेश यादव ने कहा कि झारखंड को जापान बनाने का सपना दिखाने वाली पार्टी ने स्थानीय नीति का बंटाधार करके रख दिया था । अब नयी नियमावली से नौजवानों में फिर से नई उम्मीद जगी है । धनवार विधानसभा प्रभारी सागर चौधरी ने कहा कि दो परीक्षा लेते लेते बहुत समय लग जाता था अब एक परीक्षा लेने से झारखंड के नौजवानों को काफी लाभ मिलेगा ।
नियमावली का स्वागत करने वालों में डुमरी विधानसभा प्रभारी निर्मल महतो, जमुआ विधानसभा प्रभारी मेहबूब अंसारी, युवा नेता रोहित वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक सिन्हा, सृजन पाल सिंह, अजीत कुमार वर्मा, तेज नारायण महतो, ब्रह्मदेव शर्मा, दानिश आलम, मुर्शीद मिर्जा, तैयब अंसारी, सुभाष शर्मा, रोहित विश्वकर्मा आदि कई लोग शामिल हैं।



- **सरकार जल्द खाली पदों के लिए वैकेंसी निकालकर नौजवानों को नियुक्त करें - शर्मा**

## राष्ट्रगान प्रस्तुत करने हेतु चयन प्रतियोगिता का आयोजन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )



**दुमका।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2021 के अवसर पर पुलिस लाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय में राष्ट्रगान प्रस्तुत करने हेतु चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। राष्ट्रगान प्रस्तुत करने हेतु विद्यालयों का चयन किया जा चुका है।पुलिस लाइन दुमका में सेक्रेट हार्ट स्कूल दुमका,सिदो कान्हू उ०वि० दुमका,+2 रा० उच्च विद्यालय दुमका ग्रुप-ए (पूर्वाह्न 9 बजे)आयुक्त कार्यालय दुमका में वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल दुमका (पूर्वाह्न 10:55 बजे)पुलिस उपमहानिरीक्षक दुमका में प्लस टू राजकीय कन्या उच्च विद्यालय दुमका ग्रुप बी (पूर्वाह्न 11:05 बजे) समाहरणालय दुमका में लिटिल एंजेल स्कूल दुमका (पूर्वाह्न 11:15 बजे) उपायुक्त के आवास में मारवाड़ी कन्या उच्च विद्यालय दुमका (पूर्वाह्न 7:00 बजे)
उप विकास आयुक्त दुमका- ज्ञानमंजरी उ०वि० दुमका (पूर्वाह्न 7:15 बजे)अनुमंडल पदाधिकारी दुमका- प्लस टू राजकीय कन्या उच्च विद्यालय दुमका ग्रुप सी (पूर्वाह्न 6:45 बजे) रेड क्रॉस कार्यालय दुमका में प्लस टू राजकीय कन्या उच्च विद्यालय दुमका ग्रुप सी (पूर्वाह्न 11:20 बजे)राज भवन दुमका में प्लस टू जिला स्कूल दुमका (पूर्वाह्न 8:15 बजे) इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी विद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक को आवश्यक निदेश दिया गया है। साथ ही सभी चयनित दलों को झंडोत्तोलन के दिन समय से आधा घंटा पूर्व निर्धारित स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। सभी दलों को यह भी निर्देश दिया गया है कि कोविड-19 के सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

## कसमार में युवक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो ।** कसमार थाना क्षेत्र के पोंडा पंचायत के धधकिया गांव का 23 वर्षीय युवक हरिहर कपरदार की हत्या की गुत्थी कसमार पुलिस ने सुलझा ली है। 13 दिन बाद हत्या का उद्भेदन करने में पुलिस को कामयाबी मिली। हत्या के मास्टरमाइंड जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह के निवासी 29 वर्षीय वीरेंद्र रजवार समेत अन्य दो अभियुक्तों में नरेश साव व एक अन्य नाबालिग को भी पुलिस गिरफ्तार कर लिया। उसमें से नाबालिग को पुलिस बाल सुधार गृह भेजेगी, जबकि शेष दो को जेल भेजा जाएगा। जैनामोड़ का हत्यारोपी एक युवक द्वारा मृतक युवक के गांव एवं अपने मामा घर में आवारागर्दी करने के चलते वीरेंद्र के द्वारा हमेशा दी गई कड़ी चेतावनी एवं डेढ़ माह पूर्व की गई मारपीट हत्या की वजह बना। वीरेंद्र ने उसे रास्ते से हटाने के लिए हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार अपराधियों ने हत्या की बात कबूल भी की है। यह जानकारी देते हुए कसमार थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जरीडीह पुलिस निरीक्षक मो रुस्तम खान ने बताया कि गत 19 जुलाई की रात को हरिहर कपरदार की हत्या जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह के महली टोला निवासी मास्टरमाइंड विरेंद्र रजवार, पिता विपिन रजवार अपने अटूट मित्र वनरेश साव (पिता भीखन साव) एवं नाबालिग 13 वर्षीय महेश महली (पिता खेटू महली) ने मिलकर कर दी थी। जब मृतक हरिहर कपरदार खाना खाने के बाद रात को धधकिया गांव स्थित अपने घर मे सोया था, तो बांधडीह से धधकिया गांव पहुंचकर हत्यारों ने किसी बहाने से हरिहर कपरदार को रात को जगाया और घर से 50 कदम आगे ले गया।

## उपायुक्त ने कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को दिया कई महत्वपूर्ण निर्देश

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि )



**दुमका।** उपायुक्त की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को सम्हारणालय सभागार में की गई। जिसमें विभाग की तरफ से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संचालित योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए धरातल पर मॉनिटरिंग और सुपरविजन किया जाना चाहिए। इसी क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृत्ति, अनुदान, निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को निश्चित रूप से अद्यतन कर लेने तथा इस संबंध में बैठक करने हेतु निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक दुमका को वर्ग प्रथम से जितने छात्र-छात्राओं का नामांकन विद्यालय में कराया गया है, नामांकन के विरुद्ध कितने छात्र छात्राओं का खाता खुलवाया गया है उसकी सूची तैयार कर छात्रवृत्ति हेतु जिला कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने साइकिल वितरण योजना चिकित्सा अनुदान योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित को कई निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक राजेश कुमार राय, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब के सौजन्य से सहयोग अस्पताल में जागरूकता शिविर आयोजित

गिरिडीह/संवाददाता।

इनर व्हील क्लब गिरिडीह की ओर से सहयोग अस्पताल में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसूति रोग विशेषज्ञा शीला वर्मा ने अस्पताल में उपस्थित गर्भवती एवं स्तनपान महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।
उन्होंने कहा किस्तनपान जल्दी शुरू करना एक माँ और शिशु को स्वस्थ रखने में सहायता करता है तथा इसमें शिशु तथा माँ के लिए कई फायदे हैं। पहला दूध शिशु के लिए बेहद लाभप्रद होता है क्योंकि यह शिशु के पहले टीकाकरण की तरह होता है जोकि शिशु को बीमारियों से बचाने में मदद करता है।माँ का दूध शिशु के लिये अमृत समान होता है। जब तक बच्चे 6 महीने के नहीं हो जाते है, तब तक उनको स्तनपान जरुर कराना चाहिए।
माँ के दूध में आवश्यक पोषक तत्व, खनिज, विटामिन, प्रोटीन, वसा, एंटीबाडीज और ऐसे प्रतिरोधक कारक मौजूद होते हैं, जो नवजात शिशु के सम्पूर्ण विकास और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। शिशु के जन्म के छह माह बाद तक माँ का दूध ही बच्चे के लिए सम्पूर्ण आहार की सभी जरूरतें पूरी करता है। स्तनपान माँ और शिशु दोनों के लिए लाभदायक होता है। डॉ शीला वर्मा ने बताया कि स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को स्तन कैंसर होने का खतरा भी नही रहता है। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की उपाध्यक्षा रेखा तर्वे ,डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ रश्मि गुप्ता ,उमा देवी और राखी टारको उपस्थित थी।




## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरने कन्या में प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन

गावां/गिरिडीह।

गावां प्रखण्ड अंतगत बिरने पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान बिरने पंचायत के ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बच्चो के अभिभावक काफी संख्या में उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से रूपा देवी को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया वहीं शैलेन्द्र मोदी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। पर्यवेक्षक के रुप मे उपस्थि02त संकुल साधन सेवी सतीश कुमार ने कहा कि विद्यालय के विकास में प्रबंधन समिति की भूमिका काफी अहम होती है। जरूर है कि समिति बेहतर ढंग से काम करे और विद्यालय को विकास की ओर ले जाने का प्रयास करें। ग्राम प्रधान राजकुमार यादव ने प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को मुबारकबाद देते हुए बेहतर तरीके से काम करने की अपील किये। मौके पर सूर्यदेव कुमार, चंदन यादव, चुनचुन मोदी, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, प्रमिला देवी, पुष्पा देवी, लालजीत यादव, अभिनंदन विश्वकर्मा समेत दर्जनों अभिभावक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।



# झारखंड सरकार के खिलाफ सीधी कार्रवाई की चेतावनी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**जमशेदपुर।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू )के संस्थापक सह झारखंड राज्य आंदोलनकारी सेनानी के मुख्य संयोजक पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने शुक्रवार को जमशेदपुर में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की झारखंड सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है कि 15 नवंबर तक अगर झारखंड आंदोलनकारियों के साथ सीधी वार्ता नहीं करती है तो झारखंड आंदोलनकारी सेनानी सीधी कार्रवाई के लिए सड़क पर संघर्ष के लिए उतारू हो जाएंगे.श्री बेसरा ने उलगुलान का ऐलान करते हुए कहा है कि झारखंड सरकार आंदोलनकारियों के प्रति यानी सम्मान और पेंशन देने के प्रति उदासीनता रवैया अपना रही है. उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए घोषणा किया है कि अगर 15 नवंबर तक सरकार आंदोलनकारी के साथ लिखित समझौता नहीं करती है; तो वैसे ही स्थिति में स्थापना दिवस समारोह का बहिष्कार करेंगे साथ ही साथ उसी दिन भगवान बिरसा मुंडा का जयंती मनाते हुए संकल्प लेंगे और झारखंड में रेल यातायात तथा सड़क यातायात को पूर्ण रूप से ठप कर देंगे जिसमें आर्थिक नाकेबंदी भी शामिल होगा. यह सर्वविदित है कि तत्कालीन राज्य सरकार ने 2012 में मंत्री परिषद द्वारा एक संकल्प प्रस्ताव पारित कर झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिन्हित करण आयोग का गठन किया था. आयोग का कार्यकाल विगत 8 अगस्त 2019 को समाप्त हो गई थी. 2012 से 2019 तक करीब झारखंड आंदोलनकारियों का आवेदन लगभग 70000 आवेदन लंबित पड़ी हुई है।



करीब 2 साल तक आयोग समाप्त होने के बाद विगत 14 जुलाई को नए राज्यपाल के शपथ ग्रहण के दिन आयोग का पुनर्गठन किया गया. फिर भी आयोग आयोग का गठन संपूर्ण नहीं है झारखंड राज आंदोलनकारी सेनानी की मांग है की सभी आंदोलनकारियों की मान सम्मान का मापदंड एक समान हो और साथ ही साथ जेल यात्रा की बाध्यता को समाप्त किया जाए.

## ग्रामीणों ने बालू लदे दो ट्रकों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**हजारीबाग** । बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलैया मोड से बालू लदे ट्रकों को ग्रामीणों ने पकड़कर बरकट्ठा थाना पुलिस को सौंप दिया। आपको बता दें कि गुरुवार 5 अगस्त की रात्रि ग्रामीणों ने ट्रक नंबर जेएच 02 एएम 1666 तथा जेएच 12 ई 6319 को पकड़ा पकड़ा था। जबकि एक ट्रक चालक रात्रि का फायदा उठाते हुए गाड़ी को लेकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए ट्रकों में कोडरमा जिले के कटिया परसाबाद से बालू लादकर बनारस यूपी ले जाया जा रहा था। ट्रक चालक ग्राम केदलि चौपारण निवासी उपेंद्र कुमार यादव तथा ग्राम दनुआ तेतरिया चौपारण निवासी सुनील कुमार यादव पिता जगन्नाथ यादव ने बताया कि हजारीबाग निवासी सुरेश कुमार यादव के कटिया स्थित डंपिंग यार्ड से बालू उठाव किया गया था साथ ही बताया यह गया कि वर्ष 2019 में हुई बालू घाट नीलामी में डंप की गई बालू को 3 वर्षों से उठाया जा रहा है। प्रभारी थाना प्रभारी नवीन पांडे दोनों ट्रकों को पकड़ कर थाना ले गई जबकि बालू से संबंधित कागजात को जांच के लिए बरकट्ठा सीओ को भेज दिया। वही इस बाबत अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी ने बताया कि मामले को लेकर जिला खनन विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है जिसको लेकर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। जानकारी हो कि इसके पूर्व भी 9 जुलाई की रात्रि भी ग्रामीणों ने बालू लदी तीन ट्रकों को पढ़कर पकड़कर पुलिस को सौंपा था जिसे दूसरे दिन कागजात को वैध बता कर छोड़ दिया गया था।

## सीबीएससी एंव जैक परीक्षाफल मे एनसीबी इंस्टीट्यूट चट्टीबारियातू का रहा शानदार प्रदर्शन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**हजारीबाग /केरेडारी।** झारखंड एकेडेमिक काउंसिल की परीक्षा में इंस्टीट्यूट के 45 बच्चे शामिल हुए थे जिसमें सभी बच्चे अच्छे नंबरों से उतीर्ण घोषित किए गये जबकि सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में पहली बार इंस्टीट्यूट की ओर से 7 बच्चों ने भाग लिया था और इसमें भी सभी बच्चों ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया .

झारखंड बोर्ड की परीक्षा में सौरभ कुमार सोनी (89 प्रतिशत, पिता - संतोष सोनी) पिछले सारे वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए सबसे अधिक अंक प्राप्त करने का नया रिकॉर्ड बना डाला .वहीं सीबीएसई की परीक्षा में इंस्टीट्यूट की ओर से प्रियांशु कुमार सोनी (74 प्रतिशत, पिता - जनार्दन सोनी ) ने सवार्धिक अंक प्राप्त किए. चट्टीबारियातू पंचायत में सीबीएसई का टॉपर छात्र डीएवी पब्लिक स्कूल पगार और इसी इंस्टीट्यूट का पूर्व छात्र नितेश कुमार गुप्ता (92 प्रतिशत, पिता - मनोज गुप्ता ) रहा. यह भी गौर करने वाली बात है है कि पंचायत के पूर्व सरपंच मनोज गुप्ता की दोनों बेटियां रानी गुप्ता और काजल गुप्ता भी बोर्ड परीक्षा में पंचायत टॉपर रह चुकी हैं. इतना ही नहीं, झारखंड बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में इंस्टीट्यूट की पूर्व मैट्रिक टॉपर छात्रा सोनम सोनी (81 प्रतिशत, पिता - सतीश सोनी ) ने पंचायत भर में सवार्धिक अंक प्राप्त करके एक बार फिर इंस्टीट्यूट का नाम रौशन किया. उपर्युक्त वर्णित सभी बच्चे सौरभ कुमार सोनी, प्रियांशु कुमार सोनी, सोनम सोनी और नितेश कुमार गुप्ता अपने इंस्टीट्यूट के वे बेशकीमती छात्र हैं जिन्होंने अपनी सारी कक्षाओं में अभी तक हमेशा सवार्धिक अंक प्राप्त किया है और हर बार शिखर पर रहे हैं. साथ ही प्रखंड और जिला स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त कर इंस्टीट्यूट और पंचायत को गौरवान्वित किया है.

अपने इंस्टीट्यूट के सभी होनहार छात्र छात्राओं की कोविड 19 की वजह से बाधित शिक्षा व्यवस्था के बावजूद इतनी बड़ी सफलता पर इंस्टीट्यूट के संचालक विकाश गुप्ता, व्यवस्थापक चंदन गुप्ता, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और इंस्टीट्यूट प्रबंधन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाइयाँ दी हैं तथा उनके सुखद भविष्य की कामना की है. संचालक विकाश गुप्ता ने बताया कि कोविड महामारी नियंत्रित होने के बाद इंस्टीट्यूट की ओर से एक बड़े सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा और सभी टॉपर छात्रों के साथ इंस्टीट्यूट को गौरवान्वित करने वाले अन्य मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा.

## बाखरतली मौजा के मयूराक्षी विस्थापितो को नहीं मिल रहा पीएम आवास, जर्जर घर में रहने को मजबूर



(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाखरताली मौजा के अधिकांश मयूराक्षी विस्थापितो का मकान जर्जर हो गया हैं। इस मौजा के आधा दर्जन लोगों को पीएम आवास का लाभ दिया गया हैं। पीएम आवास योजना के लाभुक चयन में भ्रष्टाचार आम बात हो गई है एक लाभुक गणेश स्वर्णकार पश्चिम बंगाल के पांडवेश्वर निवासी के नाम पर त्रिस्तरीय पंचयात के प्रतिनिधि की अनुशंसा पर पीएम आवास उपलब्ध करा दिया गया हैं। मयूराक्षी विस्थापित गणेश दो दशक पूर्व गांव छोड़ कर पश्चिम बंगाल में जाकर बस गया हैं। अन्य लाभुक ससटी माहातो, गीता दास, दुलाल, कमल राय, हाबलु माल को दो दो बार आबाद दिया गया है। विस्थापित मलय धर, अरुण भंडारी अरुण आड्डय का भवन जर्जर हो गया हैं। तीनो पंचयात एवं प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट कर थक हार गए हैं। अरुण भंडारी के घर की दीवार टूट गई है।

एक ही कमरे में काफी परेशानी के साथ दिन गुजरते हैं। अरुण पंचयात का चक्कर काट कर थक गया हैं। अरुण की माने तो यहा पंचयात प्रतिनिधि लाभुक चयन के नाम पर पंद्रह हजार रुपया वसूली करता हैं।

## राम मंदिर शिलान्यास के वर्षगांठ पर जगमगा उठा ओरिया का शिवमंदिर

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**हजारीबाग** । राम मंदिर के शिलान्यास के पहले वर्षगांठ पर हर तरफ राम लला के चाहने वाले व दिवाने के द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों को आयोजित कर खुशियाँ मनाई गईं। इस क्रम में हजारीबाग के सदर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम ओरिया के शिवमंदिर में राम मंदिर के शिलान्यास के पहले वर्षगांठ के मौके पर दिन गुरुवार की देर शाम ग्रामीण के युवकों के द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवकों ने शिवमंदिर परिसर के चारों ओर बडी़ मात्रा में दीप जलाकर खुशियाँ मनाया। साथ ही दीपोत्सव कार्यक्रम के पश्चात शिवमंदिर परिसर में स्थापित भगवान की मुर्तियो के समक्ष ग्रामीण के युवकों ने मथा भी टेका एवं सभी के सुख, शांति व समृद्धि की कामना भी की। राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जाने के बाद ओरिया ग्राम के युवकों के द्वारा रामलला के प्रति लगातार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भजन- कीर्तन व धार्मिक कार्यक्रमों में भी लगातार बढ़ चढ़ कर भाग लिया जा रहा है और समाजिक कार्यक्रमों में भी अपना सहरानीय योगदान को भी पेश कर रहे हैं.मौके पर इस कार्यक्रम में हरीश कुमार गुप्ता, गोविन्द यादव, विकाश यादव एवं विकाश गुप्ता मौजूद थें.

### बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी ने किया बारिश से क्षतिग्रस्त आवास एवं जलजमाव का निरीक्षण

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका** । रानीश्वर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने शुक्रवार को अंचल अधिकारी अतुल रंजन भगत, थाना प्रभारी राजीव प्रकाश एवं पंचायत सचिव दीन बंधु पाल के साथ आसनबनी पंहुच कर बारिश से प्रभावित परिवारो के क्षतिग्रस्त आवास एवं प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में जल जमाव की विकट स्थिति का जायजा लिया हैं। अस्पताल परिसर से जल निकासी हेतु पूर्व में बनाया गया पुल को सड़क निर्माण कार्य के संवेदक के द्वारा तोड़ दिया गया हैं। यहा जल निकासी नहीं होने से स्कूलपाड़ा के पांच खपरैल के मकान धराशायी हो गए हैं, वही एक दर्जन मकान जल जमाव से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बीडीओ ने जनसेवक दीनबंधु पाल के माध्यम से अस्पताल परिसर से जल निकासी हेतु पम्प मशीन लगवाया। साथ ही ग्रामीणों के साथ बिचार विमर्श कर पथ निर्माण प्रमंडल दुमका के अधीन उस पथ पर अस्पताल के पास एवं मिशन टोला के पास पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया हैं। जानकारी के अनुसार बीडीओ ने पीड़ित परिवारो को आपदा राहत कोष से सहायता उपलब्ध करायी हैं। दूसरी ओर यहा के पूर्व निर्मित पुल को तोड़ देने के कारण जल जमाव से हुई क्षति को लेकर पथ प्रमंडल दुमका के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं रानीश्वर प्रशाखा के कनीय अभियंता दीपक टुडू अनजान बने हुए हैं।

# नामांकन समिति की बैठक आयोजित

- **10अगस्त से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



**साहिबगंज।** साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य कक्ष में नामांकन समिति की बैठक प्रभारी प्राचार्य डॉ राहुल कुमार संतोष के अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रुप से इंटर में नामांकन, विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु चर्चा विस्तार से किया गया। ऑनलाइन अप्लाई करने का तिथि एवं नामांकन प्रक्रिया के साथ-साथ नामांकन प्रभारी भी बनाए गए, जिसमें विज्ञान संकाय के लिए डॉ ज्योति कुमार सिंह, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद, कला संकाय के लिए डॉ सिदाम सिंह मुंडा, डॉ राजीव कुमार सिंह एवं वाणिज्य संकाय के लिए डॉ रणजीत कुमार सिंह एवं डॉ प्रमोद कुमार दास को जिम्मेवारी दी गई व प्रभारी बनाया गया। नामांकन के समय पूरे प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने के लिए शर्त रखी गई है, समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि छात्र हित में कोरोना काल को देखते हुए छात्रों के नामांकन में विशेष रुप से ध्यान रखा जाएगा, छात्र को कोई असुविधा नहीं हो, इसके लिए सहायक मनोज कुमार सिंह, अमीत कुमार सिन्हा, आशीष पासवान, सुमित कुमार, असफाक अहमद आदि को भी दिया गया है। उसके स्थान भी सुनिश्चित किए गए हैं नमन नामांकन समिति ने निर्णय लिया कि समय सीमा के अंदर अगर आवेदन नहीं करते हैं तो उस आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन का तिथि 10अगस्त से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साहिबगज महाविद्यालय नामांकन समिति के सदस्य के रूप में डॉ रणजीत कुमार सिंह डॉ धुव्र ज्योति कु सिंह, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद, डॉ सिदाम सिंह मुंडा, डॉ अनूप कुमार साह, डॉ राजीव कुमार सिंह डॉ प्रमोद कुमार दास मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य सहायक होपान मरांडी मौजूद थे.

## विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक



(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका** । उपायुक्त के निर्देश के आलोक में प्रखंड सभागार सरैयाहाट प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 9 अगस्त को वितरण किये जानेवाले केसीसी ऋण सम्बन्धित आवेदन पत्रों की स्वीकृति के सम्बंध में सरैयाहाट प्रखंड के विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

जिसमें सभी शाखा प्रबन्धको को लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देशानुसार कम से कम 1200 केसीसी ऋण सम्बन्धित आवेदन पत्रों की स्वीकृति 9 अगस्त से पहले करने का निर्देश दिया गया। सहयोग करने हेतु प्रखंडकर्मियो की भी सम्बन्धित बैंक शाखाओं में प्रतिनियुक्त किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## टनका गिरने से युवक की मौत, शोकाकुल परिवार से मिले डॉ आरसी मेहता

**हजारीबाग । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** इचाक थाना क्षेत्र के अलौंजा कला गांव में गुरुवार को बज्रपात से अजय महतो की मौत हो गई. घटना के वक्त अजय अपने खेत में काम कर रहे थे. घटना की सूचना पाकर कॉग्रेस के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ. आरसी मेहता अलौंजा कला गांव जाकर शोक संतप्त परिवार से मिले. उन्होंने हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया और घटना पर पर गहरा दुख व्यक्त किया व शोकाकुल परिवार को आपदा राहत कोष से तत्काल मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. इस बाबत उन्होने इचाक बीडियो अंचलाधिकारी, व उपायुक्त से बात कर शीघ्र पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने की मांग की आदेश दिए तदोपरांत डॉक्टर नेता ने कहा कहा कि पीडित परिवार को जल्द सहायता आपदा प्रबंधन से मिलने वाला मुआवजा राशि राशि दिलाने का तत्काल प्रयास करूंगा

शोक संतप्त परिवार से मिलने वाले में समाजसेवी सहदेव प्रसाद सुनील कुमार सिन्हा राम अवतार स्वर्णकार सुशांत सोनी रंजीत कुमार मेहता अजय पासवान इत्यादी दर्जनों लोगों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया.

## हरसंभव मदद पहुंचाने का काम करेंगे

**हजारीबाग। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** चुटीआरो पंचायत के सात गांव में आशीष सहाय के सौजन्य से करीब 500 गरीब जरूरतमंदो को टीशर्ट का वितरण किया गया। केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन के संचालक एवं कुशल समाजसेवी आशीष सहाय पौत्र कृष्ण बल्लभ सहाय पूर्व मुख्यमंत्री बिहार राज्य के सौजन्य से एवं उनके निर्देशानुसार प्रत्येक दिन की तरह शुक्रवार को को हजारीबाग सदर प्रखंड के पंचायत चुटियारो इसके अंतर्गत 7 सात गांव सामील हैं।(सरौनीखुर्द) (सरौनीकला) (जीतू) (बरघुटवा) (डूमर) (रेहदा) (चुटीआरो) इन सातो गांव के करीब 500 गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को सौजन्य से (टीशर्ट) का वितरण किया गया। और लगातार पूरे हजारीबाग जिला के हर एक गांव में केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन के द्वारा वितरण किया जाएगा। आपको बता दु कि श्री आशीष सहाय जी के सौजन्य से हजारीबाग के जनता जरूरतमंद लोगों को लगातार पिछले एक वर्ष से अभी तक कंबल, पैंटशर्ट, टीशर्ट, मास्क, स्कूल बैग, वाटर बोतल, खाद सामग्री जैसे कच्चा अनाज, वितरण के साथ आर्थिक सहायता का ही सहयोग कर रहे हैं और आशीष सहाय का यह प्रयास है। कि गरीबों के विकास एवं उत्थान के लिए हरसंभव मदद पहुंचाने का काम करेंगे।

## विधायक की पहल पर आगों पंचायत के ग्राम बरतूआ के ग्रामीणों को मिला 63 केवीए का ट्रांसफार्मर

**हजारीबाग । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** बड़कागांव प्रखंड के पोस्ट गोसाई बलिया अंतर्गत आगों पंचायत के ग्राम बरतूआ मे 63 केवीए का ट्रांसफार्मर कुछ दिन पूर्व जल गया था. ट्रांसफार्मर के जल जाने के कारण पूरा गांव अंधेरे मे था. ट्रांसफार्मर की खराबी की वजह से बिजली बहाल होने में काफी दिक्कत हो रही थी ऐसे में ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को ट्रांसफार्मर जल जाने की जानकारी दी जिस पर विधायक अंबा प्रसाद ने तत्काल ग्रामीणों की समस्या का निदान करते हुए बरतूआ में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया. गांव में ट्रांसफार्मर लग जाने के बाद बिजली आने पर खुशी की लहर है इस अवसर पर विजय टुटु, राजेश वर्मा, सुशील टोप्पो, महेश कुमार, तुलसी कुमार, निर्मल, मुकेश समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया.


## टेपरा नदी में डूबने से युवक की मौत, घटना के 2 दिन के बाद पुलिस ने किया शव बरामद

**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** तालझारी थाना पुलिस ने टेपरा नदी किनारे से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र के लकड़ापहाड़ी गांव के 38 वर्षीय निवासी नुनुवा मुर्मू के रूप में की गई है। तालझारी थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो ने बताया कि शव की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचकर लाश बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक बुधवार को बैल चराने नदी किनारे गया हुआ था और तब से गायब था काफी खोजबीन के बाद आज नदी किनारे उनका शव पड़ा मिला। संभावना जताई जा रही है नदी में अधिक पानी होने के कारण डूबने से उसकी मृत्यु हो गई।

## प्रखंड में बिजली व्यवस्था सुद्दढ़ करने के लिए प्रयासरत हूं: मो. शाहिद

**हजारीबाग । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** बड़कागांव किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद उर्फ सोनू ने बादम पंचायत का दौरा किया। इस दौरान मो शाहिद ने पश्चिम मोहल्ला में टांसफार्मर के लिए 50 लीटर तेल का व्यवस्था किया। साथ ही उन्होंने आश्वाशन दिया के जल्द ही बिजली विभाग से बात कर के अर्थिन के लिए तार और मदरसा के पास लगे ट्रांसफॉर्मर के लिए तेल उपलब्ध कराएंगे। आगे उन्होंने कहा के प्रखंड में बिजली व्यवस्था सुद्दढ़ करने के लिए प्रयासरत हूं। मौके पर मुख्य रूप से शाहिद अख्तर, अहमद उल्लाह, राजन, अख्तर इमाम, अयाज अहमद, मेराज अहमद, आरिज खान, मुन्ना खान, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आमने-सामने से कार की भिड़ंत, चालक द्वय आंशिक रूप से घायल



**देवीपुर। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** थाना क्षेत्र के सत्संग भिरखीबाद मुख्य मार्ग पर स्थित तिलौना गांव व चौधरीडीह गांव के बीचो-बीच तीखे मोड़ पर दो कारों के चालकों ने जोरदार टक्कर मार दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरिडीह की ओर से देवघर की ओर जा रहे एक सादा रंग की कार जिसका नम्बर- जेएच 15 क्यू 1936 वहीं विपरित दिशा देवघर की ओर रांची जाने के क्रम में जिसका नम्बर- जेएच 02 टी 7444 तेज गति में रहने के कारण तीखे मोड़ पर अपना संतुलन खो बैठा। एवं दोनों कार आमने-सामने से टकरा गई। फलस्वरूप दोनों वाहन के आगे की ओर परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एसआई गौतम कुमार वर्मा एवं एएसआई सरफुद्दीन अंसारी सुरक्षाबलों के साथ थाना के पीसीआर भैन से घटना स्थल पर पहुंचे, एवं दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। इस दुर्घटना में दोनों गाड़ियों में सवार मामूली रूप से जख्मी हो गए। जोरदार टक्कर के बावजूद कार सवारों को कोई बड़ी शारारिक क्षति नहीं हुई है।

# इन कारणों से अक्सर बेहोश हो जाते हैं लोग



**क्या** आपने कभी सोचा है कि बेहोशी के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? हम अपने आस - पास अक्सर ऐसा देखते हैं कि कोई व्यक्ति जो पूरी तरह से फिट और स्वस्थ दिख रहा है लेकिन अचानक बिना किसी कारण वो अपने बेहोश होने लगता है। बेहोशी जो मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी के कारण होता है हालांकि बेहोशी के कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन कुछ ऐसे कारक हैं जो इसके लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। ये कुछ कारक है जो बेहोशी के कारण हो सकते हैं-

**लो ब्लडप्रेशर:** बेहोशी का मेन कारण लो ब्लडप्रेशर बताया जाता है यह आमतौर पर विशेष रूप से उन लोगों को ज्यादा होता है जो 65 से अधिक आयु वर्ग के होते हैं।

**निर्जलीकरण:** जब आपके शरीर निर्जलित हो जाता है, आपके खून में तरल पदार्थ की मात्रा कम हो जाती है और ब्लड प्रेशर में कमी हो जाती है। इससे बेहोशी का खतरा बढ़ जाता है।

**मधुमेह:** आप एक मधुमेह रोगी हैं तो आपके बेहोश होने के चांसेज ज्यादा हैं क्योंकि डायबेटिक होने पर आपको यूरिन ज्यादा आएगा जिससे आपको निर्जलीकरण होने का खतरा ज्यादा बना रहता है।

**दिल की बीमारी:** दिल की बीमारी भी बेहोश होने का एक प्रमुख कारण माना जाता है, क्योंकि ऐसा होने पर आपके दिमाग को होने वाली खून की सप्लाई बाधित हो जाती है। बेहोशी के इस प्रकार के लिए मेडिकल टर्मेनोलॉजी में कार्डियक सिंनकॉप कहा जाता है।

## डिमेंशिया के खतरे को कम करती है नियमित कसरत



**नियमित** रूप से कसरत करने के कई फायदे होते हैं। इससे शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने में मदद तो मिलती ही है। एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी यह योगदान करता है। नियमित रूप से कसरत करने से न केवल हमारा मस्तिष्क सक्रिय रहता है बल्कि डिमेंशिया जैसी भूलने वाली बीमारी का खतरा भी कम हो जाता है। चूहे पर किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया कि कसरत शरीर में एक महत्वपूर्ण प्रोटीन की उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह प्रोटीन मस्तिष्क को सक्रिय करने के साथ ही (न्यूरो) तंत्रिका से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करता है। अध्ययन में पाया गया कि चूहे के नियमित कसरत के दौरान कुछ रसायन स्वत: मस्तिष्क में जमा हुए और मस्तिष्क के लिए बीडीएनएफ (मिरेकल-ग्रो) का उत्पादन करने लगे। बीडीएनएफ याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कोशिकाओं की वृद्धि में सहायक होता है। स्तनधारियों में कसरत से बढ़ने वाले बीडीएनएफ के पीछे होने वाली जैविक प्रकिया को हमारा यह अध्ययन दर्शाता है।

## स्वास्थ्य के लिए वरदान है प्याज


प्याज एक अत्यंत गुणकारी पौधा है जिसमें औषधीय गुण भी पाएं जाते हैं। इसके अलावा इसमें ग्लूकोस भी प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। हरा प्याज चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है। इसे खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। इसके इलावा मसूड़ो में सूजन और दांत में दर्द होने पर प्याज के रस और नमक का मिश्रण लगाने से दर्द में राहत मिलती है।



## पेट के लिए वरदान पपीता

फलों में पपीता पेट के लिए काफी लाभदायक है। इसमें पेप्सिन नामक तत्व पाया जाता है, जो भोजन पचाने में मदद करता है। पपीते का सेवन रोज करने से पपीते में पर्याप्त मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। इसमें न सिर्फ बीटा कैरोटिन, बल्कि लाइकोपिन भी पर्याप्त मात्रा में होता है। जो पुरुष ज्यादा लाइकोपिन युक्त फल और सब्जियों का सेवन करते हैं उनमें प्रोस्टेट कैंसर की आशंका 82 प्रतिशत कम होती है।





# दिमाग तेज करने इस्तेमाल करें ये जड़ी-बूटियां

**आज** हर कोई चाहता है कि उसका दिमाग तेज हो ताकि वे हर जगह अपनी अलग पहचान बना सके। क्योंकि दिमाग हमारे शरीर को वो हिस्सा है जिसके संकेत के बिना शरीर का कोई भी अंग काम नहीं कर सकता। लेकिन कई बार बढ़ती उम्र, गलत आदतों, नशे और आवश्यक पोषक तत्वो की कमी आदि से याददाश्त कमजोर होने लगती है।

ऐसी कौन सी जड़ी-बूटियां है जिनको अपने आहार में शामिल करके आप आसानी से तेज दिमाग पा सकते हैं।

### जटामांसी



जटामांसी औषधीय गुणों से भरपूर जड़ी-बूटी है। यह दिमाग के लिए एक रामबाण औषधि है। यह याददाश्त को तेज करने की भी अचूक दवा है। एक चम्मच जटामासी को एक कप दूध में मिलाकर पीने से दिमाग तेज होता है।

### बाह्मी



जड़ी-बूटी को दिमाग के लिए टॉनिक भी कहा जाता है। यह दिमाग को शांति प्रदान करती है और याद्दाश्त को मजबूत करने में भी मदद करती है। आधे चम्मच बाह्मी के पाउडर और शहद को गर्म पानी में मिलाकर पीने से दिमाग तेज होता है।

### शंख पुष्पी



शंख पुष्पी दिमाग को बड़ाने के साथ-साथ हमारी याद करने की क्षमता और सीखने की क्षमता को भी बड़ाती है। दिमाग को तेज करने के लिए आधे चम्मच शंख पुष्पी को एक कप गरम पानी में मिला कर लें।

### दालचीनी



दालचीनी सिर्फ गर्म मसाला ही नहीं, बल्कि एक जड़ी-बूटी भी है। यह दिमाग को तेज करने की बहुत अच्छी दवा है। रात को सोते समय नियमित रूप से एक चुटकी दालचीनी पाउडर को शहद के साथ मिलाकर लेने से डिप्रेशन में राहत मिलती है और दिमाग तेज होता है।

### हल्दी



यह सिर्फ खाने के स्वाद और रंग में ही इजाफा नहीं करती है, बल्कि दिमाग को भी स्वस्थ रखने में मदद करती है। हल्दी दिमाग के लिए बहुत अच्छी जड़ी-बूटी है। इसके नियमित सेवन से एल्जाइमर रोग नहीं होता है। एक शोध के अनुसार, हल्दी में पाया जाने वाला रासायनिक तत्व कुरकुमीन दिमाग की क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को रिपेयर करने में मदद करता है

### जायफल



गर्म तासीर वाले जायफल की थोड़ी मात्रा का सेवन करने से दिमाग तेज होता है। इसको खाने से आपको कभी एल्जाइमर यानी भूलने की बीमारी नहीं होती।

### अजवाइन की पत्तियां

अजवाइन में भरपूर मात्रा में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट दिमाग के लिए एक औषधि की तरह काम करता है। खाने में सुगंध के अलावा शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करती है।



### तुलसी



तुलसी कई प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए एक जानी-मानी जड़ी बूटी है। इसमें मौजूद शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट ह्रदय और दिमाग में रक्त के प्रवाह में सुधार करता है। साथ ही इसमें पाई जाने वाली एंटी-इंफ्लेमेटरी अल्जाइमर जैसे रोग से सुरक्षा प्रदान करता हैं।

### केसर



केसर का उपयोग खाने में स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ अनिद्रा और डिप्रेशन दूर करने वाली दवाओं में किया जाता है। इसके सेवन से दिमाग तेज होता है।

### कालीमिर्च



दिमाग को स्वस्थ बनाए रखने के लिए काली मिर्च का उपयोग करें। काली मिर्च में पाया जाने वाला पेपरिन नामक रसायन शरीर और दिमाग की कोशिकाओं को आराम देता है। डिप्रेशन को दूर करने के लिए भी यह रसायन जादू सा काम करता है।

# अच्छी सेहत पाना चाहते हैं तो जरूर खाएं मक्खन



**मक्खन** हर घर मे पाया जाता है। इसे उपयोग हम खाने में करते है। इसमें कैलोरिज की मात्रा ज्यादा होती है। अगर इसे हर रोज खाया जाए तो इसे आपका वजन काफी ज्यादा बढ़ भी सकता है। पर इसके बहुत से ऐसे गुण शामिल है जो कि हमारी सेहत के लिए अच्छे है। इसमें विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स ज्यादा मात्रा में मौजूद है इसलिए यह छोटे बच्चों के बढ़ने के लिए बहुत ही फायदेमंद है। जिनको लिवर संबंधी समस्या होती है, उनके लिए बटर में पका खाना सुपाच्य होता है। आज हम आपको मक्खन से सेहत के लिए फायदों के बारे में बताएगे।

**अच्छा मूड :** मक्खन में अधिक मात्रा में सेलेनियम होता है, जिससे खाने से हमारा नर्वस सिस्टम अच्छा रहता है। जब हम इसे गरमा-गरम सब्जी में डाल कर खाते है तो इसे खाते ही हमारा मूड अच्छा हो जाता है और सब्जी खाने में स्वाद भी लगती है।

**थायराइड:** मक्खन थायराइड ग्रंथि को ठीक करने के लिए बहुत ही फायदेमंद है क्योंकि इसमें विटामिन ए की मात्रा अधिक पाई जाती हैं। अगर आप सोचते है कि इसे खाने से आपका वजन बढ जाएगा तो ऐसी नही है।

**दिमागी विकास:** मक्खन खाने से बच्चों का दिमागी विकास अच्छा रहता है और आंखो की रौशनी ठीक रहती है। इसीलिए अपने बच्चों को खाने में दूध और मक्खन जरूर दें।

**एनर्जी लेवल बढाए :** बटर को खाने के बाद हमारे शरीर में फैट में परिवर्तित हो जाता है और जरुर पड़ने पर यह हमारे एनर्जी लेवल को बढ़ाता हैं।

**कैंसर और ट्यूमर :** मक्खन में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा ज्यादा होती है और यह हमें कैंसर या ट्यूमर बचाता है। इसका प्रयोग एंटी एजिंग क्रीम में भी किया जाता है।

**त्वचा में चमक :** मक्खन को चेहरे पर लगाने से त्वचा कोमल बनती है और चेहरे में निखार आता है।

**बटर खाने से अच्छी नींद आती है:** जब भी आपके काम करने के बाद में थकावट होती है तो ऐसे में रात के खाने में बटर जरुर खाएं। इसे खाने से अच्छी नींद आती है क्योंकि इसमें सेलेनियम होता है।

**विटामिन डी :** मक्खन में विटामिन डी की मात्रा ज्यादा पाई जाती हैं इसीलिए इसे नाश्ते में नही खाना चाहिए। मक्खन को चेहरे पर लगाने से त्वचा कोमल बनती है और चेहरे में निखार आता है।



# सोते समय शरीर के साथ क्या होता है?



**हम बिना** कुछ खाए कई दिनों तक रह सकते हैं, लेकिन सोए बिना दो दिन रह पाना भी भारी पड़ सकता है। यकीनन हमारे शरीर और दिमाग के लिए सोना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि सोने से शरीर को आराम मिल मिलता है, सोचने की शक्ति बढ़ती है और हम फिर से ऊर्जावान बन पाते हैं। यही कारण है कि जब हम सोकर उठते हैं तो खुद को रिफ्रेश महसूस करते हैं। महात्मा बुद्ध ने कहा था कि मर जाने के बाद हम दरअसल सोए हुए ही होते हैं। खैर ये कितना सच है ये तो हम नहीं जानते लेकिन सोने के बाद हमारे शरीर के साथ कई अजीब चीजें होती हैं, जिनके बारे शायद आप अभी न जानते हों। तो चलिए जानें कि सोने के बाद हमारे शरीर के साथ क्या अजीब चीजें होती हैं।

## शरीर का तापमान हो जाता है कम

आपको जानकर शायद थोड़ी हैरानी हो लेकिन रात में सोने के दौरान शरीर का तापमान गिर जाता है। ऐसा प्राकृतिक रूप से होता है, क्योंकि जब आपका शरीर सोने के लिए तैयार होता है जिसके लिए दिमाग मेलाटोनिन नामक हार्मोन रिलीज करता है। शरीर का सबसे कम तापमान रात को तकरीबन 2 बजे होता है, इसी वजह से अक्सर आपको रात को इस समय के आस-पास कम्बल ढूंढने की जरूरत पड़ती है।

## कुछ देर के लिए हो जाते हैं लकवाग्रस्त

जब हम नींद में होते हैं तो कुछ समय के लिए हमें पता ही नहीं चलता है कि हम कहां है, क्या कर रहे हैं और खुद से पूरी तरह काबू खो देते हैं, जब तक कि आपकी नींद नहीं टूट जाती है। ऐसा अक्सर बुरे सपनों में होता है। ऐसी विवशता अक्सर सोने के दौरान होती है। ऐसा आरईएम फेज के दौरान होता है जिसमें शरीर, गहरी नींद में चला जाता है।

## गिरने का अहसास होता है, आंखें घूमती हैं

नींद में अक्सर जब तक कि कोई आपको जगा न दें या आपकी नींद न टूट जाएं, हमें ऐसा लगता है कि हम गिर रहे हैं। इसे हाईपनोटिक पल्स कहते हैं। हर किसी को कभी न कभी इसका अहसास होता ही है। कई बार तो सोने के तुरंत बाद लगता है कि हम बेड से गिरने वाले हैं। वहीं रिफ्रेश होने के बाद भी अगर कोई सोता है तो आंखों का मूवमेंट शुरू हो जाता है।

## शरीर में लगता है झटका

कई बार हम को ऐसा महसूस होता है कि जैसे ही हम सोने वाले होते हैं, तो शरीर में झटका लगता है और नींद खुल सी जाती है। 70 प्रतिशत लोगों को सोते वक्त ऐसा महसूस होता है। इसे हाईपेनिक जर्क कहा जाता है। कुछ वैज्ञानिकों के मुताबिक ऐसा चिंता या तनाव के कारण होता है जो शारीरिक प्रक्रिया में बाधा डालता है। कुछ लोगों में कई बार सोते हुए पेट फूलने की समस्या भी हो जाती है। रात में सोने के दौरान, शरीर भोजन को पचाने की प्रक्रिया में लगा होता है, ऐसे में गैस बनने की समस्या होती है लेकिन वह रिलीज नहीं हो पाती है। इस कारण, पेट फूल जाता है। लेकिन ऐसे में गैस निकलने पर आपको और बाकी लोगों को पता नहीं चलता है।

# ब्रश करना है जरूरी



**सुबह** बिस्तर छोड़ते ही हमारा सबसे पहला काम ब्रश करना ही होता है। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक दांतों की सफाई व ताजगी के लिए ब्रश करना हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। दांतों की रोज दिन में दो बार सफाई करना बेहद जरूरी है। दांतों की सफाई करने से सांसों की तकलीफ व मुंह की अन्य बीमारियां नहीं होतीं। इसके साथ ही एक हालिया शोध कहता है कि याद्दाश्त को दुरुस्त रखने में भी दांतों की सफाई जरूरी है। हाल में किए एक शोध में बताया गया है कि वयस्कों द्वारा अपने दांतों की उचित देखभाल करना यानी नियमित रूप से ब्रश करना याददाश्त बनाए रखने में मददगार साबित होता है।

## क्या कहता है शोध?

पहले के शोधों में भी दांतों की साफ-सफाई न रखने को डिमेंशिया (याददाश्त कम होना) समेत ह्रदयरोग, स्ट्रोक व डायबिटीज के लिए जिम्मेदार बताया गया था। न्यूयार्क के कोलंबिया कालेज के शोधकर्ताओं के मुताबिक मसूढ़ों की बीमारी मस्तिष्क की क्रियाविधि को प्रभावित करने के साथ पूरे शरीर में जलन पैदा करती है। शोध में 60 साल व उससे ज्यादा उम्र के लोगों को शामिल किया गया। जिन लोगों में मसूढ़ों की बीमारी के लिए जिम्मेदार पैथोजन ज्यादा पाया गया उनमें याददाश्त संबंधी दिक्कतें देखी गई। शोधकर्ता ने बताया कि जिन लोगों में पैथोजन का उच्च स्तर पाया गया उनमें याददाश्त की गंभीर परेशानी देखी गई। शोध से साफ है कि दांतों-मसूढ़ों की उचित देखभाल न करने से डिमेंशिया का खतरा पैदा हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 2400 पुरुषों व महिलाओं पर किए गए शोध में दांतों की बीमारियों को याददाश्त पर प्रभाव डालने वाला पाया गया। दांतों की बीमारी से पीड़ित 5.7 फीसदी लोगों को याददाश्त की सामान्य समस्या देखी गई जबकि 6.5 फीसदी लोगों को री-काल (दोबारा याद करना) व 22.1 फीसदी लोगों में लगातार भूलने की परेशानी देखी गई।

# रेसिपी

## टोर्टीला



### सामग्री

1 कप मकई का आटा
1/4 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर
1/4 टी-स्पून अजवायन , ऐच्छिक
2 टी-स्पून तेल
नमक स्वादअनुसार
1/4 टी-स्पून तेल , आटा गूंथने के लिए
मकई का आटा , बेलने के लिए

### विधि

मकई का आटा, लाल मिर्च पाउडर, अजवायन, 1 टी-स्पून तेल और नमक को एक बाउल में मिलाकर, गरम पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। 10 मिनट के लिए रख दें। बचे हुए 1 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर दुबारा गूंथ लें। 4 बराबर भाग में बांटकर प्रत्येक भाग को 2 प्लास्टिक शीट के बीच रखकर, 250मि.मी। (10) व्यास के गोल आकार में बेल लें। टोर्टीला को आसानी से बेलने के लिए थोड़ा सूखा आटा छिड़कें। एक तवा या कढ़ाई को उलटा रखकर गरम करें और गरम होने पर, हल्के हाथों से रोटी रखें, इस बात का ध्यान रखें कि किनारे मूड़ ना जाए ऊपरी परत पर छोटे दाग आने तक पका लें। रोटी को पलट कर और कुछ सेकेन्ड तक पका लें। बचे हुए आटे का प्रयोग कर 3 और रोटी बनाएं।

## पनीर समोसा



### सामग्री

8 समोसा पट्टियां , **भरावन मिश्रण के लिए:** 1 टेबल-स्पून तेल, 1/2 टी-स्पून जीरा, 1/4 कप बहुत बारीक कटे प्याज, 1 टी-स्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, 1/4 कप बहुत बारीक कटी शिमला मिर्च, 1 1/2 टी-स्पून अमचूर पाउडर, 1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 कप बहुत बारीक कटा पनीर, नमक , स्वाद अनुसार, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हरा धनिया, **परोसने के लिए:** पुदीना चटनी

### विधि

**भरावन मिश्रण के लिए:** एक चौड़े पैन में तेल गरम कीजिए। जीरा डालिए। जब ज़ीरा चटकने लगे तो प्याज़ और अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भूनिए। शिमला मिर्च, अमचूर पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, पनीर, नमक तथा धनिया डालकर अच्छी तरह मिलाइए। मध्यम आंच पर और 2 मिनट भूनिए। पूरी तरह ठंडा कीजिए और मिश्रण को बराबर 8 भागो में बांटकर एक तरफ रख दीजिए।

**कैसे आगे बढ़े:** समोसा पट्टी को सूखी, साफ, समतल जगह पर रखिए। पट्टी के एक कोने पर 1 भाग भरावन मिश्रण रखिए और तीकोण के रूप में मोडिए। किनारों पर थोडा पानी लगाकर समोसे को बंद कर दीजिए। (नीचे दिए गए चित्रों की सहायता लीजिए)। शेष बची सामग्री और पट्टियों से यही प्रक्रिया दोहराते हुए बाकी 7 समोसे बनाइए। एक कड़ाही में तेल गरम कीजिए और थोड़ा-थोड़ा करके समोसों को चारों तरफ से भूरा होने तक तल लीजिए। तेल सोखनेवाले कागज पर निकालिए और पुदीना चटनी के साथ गरमा गरम परोसिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)